# Govt. College Sainj (H.P.)
# College Activity

| Sr. No. | Particular | Remarks |
|---|---|---|
| 1 | Date / दिनांक | 30th July, 2026 |
| 2 | Name of Activity | **Training/ Orientation on Disaster & Risk Management** |
| 3 | Name of Department Organizing the Activity | Rapid Action and Disaster Management Committee |
| 4 | Name of Collaborating Agency (IfAny) | SDRF, NSS, Youth Red Cross |
| 5 | No. of Student /Participants | 56 |
| 6 | No. of Teacher Participants | 04 |
| 7 | Brief Report संक्षिप्त प्रतिवेदन |      **सैंज में विद्यार्थियों ने सीखा आपदा प्रबंधन**<br>संवाद न्यूज एजेंसी<br>लारजी (कुल्लू)। राजकीय महाविद्यालय सैंज में वीरवार को रैपिड एक्शन एवं डिजास्टर मैनेजमेंट कमेटी, एनएसएस और यूथ रेडक्रॉस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। इसका आयोजन एसडीआरएफ के सहयोग से किया गया।<br>कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुजाता ने किया। उन्होंने कहा कि आपदा के समय सबसे अधिक आवश्यकता संयम, जागरूकता और त्वरित निर्णय लेने की होती है।<br>उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इस प्रशिक्षण से मिली सीख को अपने जीवन और समाज में अपनाएं। एसडीआरएफ के प्रमुख प्रेम सिंह अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे।<br>उन्होंने विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन के सिद्धांतों, बचाव कार्यों, प्राथमिक उपचार, आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षा उपायों तथा राहत एवं बचाव की विभिन्न तकनीकों की जानकारी दी। रस्सी से बचाव, स्ट्रेचर बनाना, घायलों को ले जाना और सीपीआर जैसी गतिविधियों का व्यावहारिक प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रो. प्रेम सिंह, डॉ. शशि, प्रो. निशा, प्रो. होशियार मौजूद रहे।<br>सैंज में आपदा प्रबंधन के बारे में छात्रों को जानकारी देते एसडीएफआर के जवान। -आयोजक<br>**राजकीय महाविद्यालय सैंज में हुआ आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम** |

Organizer

Principal
Govt. College Sainj